# राजस्थान सरकार
## स्वायत्त शासन विभाग

जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन्स फाटक सी–स्कीम, जयपुर।
टेलीफैक्स : 0141–2222403, 2222469 ईमेल : dlbrajasthan@gmail.com वेबसाईट : www.lsg.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक : एफ 55( )अभि./सीई/डीएलबी/2018/बजट घोषणा/12445-669 दिनांक : 26/02/18

1. जिला कलेक्टर्स,
   समस्त राजस्थान।

2. आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी,
   नगर निगम/परिषद/पालिका,
   समस्त राजस्थान।

**विषय : माननीय मुख्यमंत्री महोदया द्वारा वित्तीय वर्ष 2018–19 के बजट में की गई घोषणाओं की क्रियान्विति बाबत।**

———

माननीय मुख्यमंत्री महोदया, राजस्थान सरकार द्वारा बजट वर्ष 2018–19 की घोषणा संख्या 160 में सभी नगरीय निकायों क्षेत्रों में सड़कों एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं के सुदृढीकरण के अन्तर्गत सड़को–नालियों की Maintanance एवं Renewal सहित अम्बेडकर भवनों के निर्माण, बरसाती पानी के निकास की व्यवस्था, श्मशान एवं कब्रिस्तान के विकास तथा सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण कार्य हेतु राशि रूपये 1000.00 करोड़ के प्रावधान की घोषणा की है। बजट घोषणा की क्रियान्विति हेतु निम्नानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें :–

**1. अम्बेडकर भवन निर्माण कार्य :**

समस्त नगरीय निकायों मे अम्बेडकर भवन निर्माण करवाने हेतु समस्त आवश्यक सुविधाओं से युक्त नगर पालिकाओं में कम से कम 500 वर्गमीटर, नगर परिषदों मे कम से कम 750 वर्ग मीटर एवं नगर निगमों मे कम से कम 1100 वर्ग मीटर के भूखण्ड़ (अनुमानित क्षेत्रफल) में नगर निकाय के स्वयं के स्वामित्व की भूमि का चिन्हीकरण कर साईट प्लान एवं तकनीकी रिपोर्ट तैयार की जावे। उक्त कार्य के लिये नगर निकायों को निम्नानुसार राशि का आवंटन किया जा रहा है :–

(राशि रूपये करोड़ों में)

| क्रम सं. | नगर निकाय श्रेणी | नगर निकाय की संख्या | निर्मित क्षेत्रफल लगभग (वर्गफीट) | प्रत्येक भवन के निर्माण की अनुमानित लागत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर निगम | 7 | 6000 | 0.96 |
| 2. | नगर परिषद | 34 | 4200 | 0.67 |
| 3. | नगर पालिका | 150 | 3000 | 0.48 |



Scanned by CamScanner

अम्बेड़कर भवन में एक बड़ा हॉल, कमरे कमरे (नगर निगम मॉडल ए में 4, नगर परिषद मॉडल बी में 2 व नगर पालिका मॉडल सी में 1), पुरूष व महिलाओं के लिये अलग–अलग शौचालय व स्नानागार, रसोई घर, स्टोर रूम मय कार्यालय, वाहन पार्किंग, वृक्षारोपण/पार्क, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, चारदीवारी इत्यादि का निर्माण करवाया जाना है। उक्त अम्बेड़कर भवनों के निर्माण हेतु उपरोक्त क्षेत्रफल के अनुसार मॉडल (Standard) ड्राईंग संलग्न कर भिजवाई जा रही है। नगर निकायों में उपलब्ध भूमि/स्थान के अनुसार ड्राईंग व तकमीना (Estimate) तैयार किया जावे।

यदि किसी नगर निकाय में नवीन अम्बेड़कर भवन निर्माण हेतु भूमि/स्थान उपलब्ध नहीं होता हो, तो पूर्व में निर्मित अम्बेड़कर/सामुदायिक भवन के प्रथम तल पर भी समस्त आवश्यक सुविधाओं सहित निर्माण किया जा सकता है। जिसमें भूतल पर निर्मित भवन में भी मरम्मत कार्य करवाये जा सकते हैं।

2. **श्मशान एवं कब्रिस्तान के विकास कार्य :**

समस्त नगर पालिका क्षेत्रों में **श्मशान व कब्रिस्तानों में विकास कार्य** करवाये जायेंगे, जिसके तहत दाह संस्कार टीन शेड़, बैठने हेतु बेंचेज व टीन शेड़, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय व स्नानागार, वृक्षारोपण, रोशनी की व्यवस्था, पाथ–वे, फेंसिंग/बाउण्ड्रीवॉल आदि कार्य करवाये जाने हैं। इन कार्यो हेतु नगर निकायों को निम्नानुसार राशि का आवंटन किया जा रहा है :

(राशि रूपये करोड़ों में)

| क्रम सं. | नगर निकाय श्रेणी | संख्या | प्रत्येक के निर्माण की अनुमानित लागत राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | नगर निगम | 7 | 0.50 |
| 2. | नगर परिषद | 34 | 0.40 |
| 3. | नगर पालिका | 150 | 0.25 |

उक्तानुसार **श्मशान एवं कब्रिस्तान में विकास कार्य** करवाने हेतु उपरोक्त मॉडल (Standard) ड्राईंग संलग्न कर भिजवाई जा रही है। उपरोक्त आवश्यकता अनुसार कार्य का आंकलन करते हुये **ड्राईंग व तकमीना (Estimate)** तैयार करवाया जावे।

नगर निगम व नगर परिषदों में स्थिति किसी एक श्मशान में व्यापारिक घरानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, कम्पनियों के माध्यम से Corporate Social Responsibility (CSR) के अंतर्गत आधुनिक विद्युत शवदाह गृह एवं गैस आधारित शवदाह गृह की स्थापना करवाई जावे।



Scanned by CamScanner

3. **नगर पालिका क्षेत्रों में सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण :**

समस्त नगर पालिका क्षेत्रों में **आधुनिक सार्वजनिक शौचालयों** (पुरूष व महिलाओं के लिये अलग–अलग) का निर्माण करवाया जाना है। इस कार्य हेतु नगर निकायों को निम्नानुसार राशि का आवंटन किया जा रहा है :

(राशि रूपये करोड़ों में)

| क्रम सं. | नगर निकाय श्रेणी | नगर निकाय की संख्या | प्रत्येक नगर निकाय में शौचालयों की संख्या | | | प्रत्येक के निर्माण की अनुमानित लागत राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पुरूष व महिला | केवल महिला | कुल | |
| 1. | नगर निगम | 7 | 6 | 4 | 10 | 0.50 |
| 2. | नगर परिषद | 34 | 3 | 2 | 5 | 0.50 |
| 3. | नगर पालिका | 150 | 2 | – | 2 | 0.30 |

उक्त शौचालयों की निर्माण निविदा शर्तों में उनके 5 वर्ष तक संचालन एवं रखरखाव (O&M) भी शामिल किया जावे। यद्यपि शौचालयों के 5 वर्ष तक की अवधि में संचालन व रखरखाव की राशि का भुगतान सम्बन्धित नगर निकायों द्वारा किया जावेगा। नगर निगमों/परिषदों में निर्मित होने वाले आधुनिक शौचालयों में Air curtain, एयर कंडीशनर, सेनेटरी नेपकिन पैड़ वेण्ड़र मशीन, टिश्यू पेपर वेण्ड़र मशीन आदि सुविधायें उपलब्ध करवाया जाना प्रस्तावित है। पुरूष/महिला शौचालयों में 1 शीट शौचालय दिव्यांगों के लिये प्रावधान रखा जावे। महिला शौचालय में कार्यरत कर्मचारी भी महिला होगी। शौचालय निर्माण हेतु भूमि/साईट का चिन्हीकरण कर साईट प्लान एवं तकनीकी रिपोर्ट मय तकमीना (Estimate) तैयार करवाया जावे।

अतः इस सम्बन्ध में निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार **अम्बेडकर भवन निर्माण, श्मशान एवं कब्रिस्तान के विकास कार्य तथा सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण** समस्त नगर निकायों द्वारा निम्नानुसार निर्धारित समयावधि में कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

1. नगर निकायों द्वारा स्थानीय आवश्यकता को मध्यनजर रखते हुये उपरोक्तानुसार वित्तीय वर्ष 2018–19 में **अम्बेडकर भवन निर्माण, श्मशान एवं कब्रिस्तान के विकास कार्य एवं सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण** के लिये विवाद रहित उपयुक्त स्थल/भूमि का चयन किया जावे।



Scanned by CamScanner

2. समस्त नगर निकायों द्वारा उपरोक्तानुसार **अम्बेडकर भवन निर्माण, श्मशान एवं कब्रिस्तान के विकास कार्य एवं सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण** करने के लिये ड्राईंग, डिजाईन व एस्टीमेट (Focast & Detailed Estimate) निर्धारित समय में तैयार किये जावें। उपरोक्त कार्यो को 31 अगस्त, 2018 से पूर्व पूर्ण करवाया जाना सुनिश्चित करें। इस तिथि को बिड़ डॉक्यूमेंट/RFP डॉक्यूमेंट में भी सम्मिलित करें।

3. उपरोक्त कार्यो की निविदायें आमंत्रित करने हेतु निविदा प्रपत्र (Tender Document) तैयार कर लिये जावें। निविदा प्रक्रिया में RTPP Act, 2012 & RTPP Rules 2013 की पालना करते हुये निर्माण कार्यो से सम्बन्धित समस्त सूचनायें E-Procurement Portal एवं SPPP Portal पर अपलोड़ की जावे।

4. उपरोक्त कार्यो के लिये RTPP Act, 2012 & RTPP Rules 2013 एवं विभागीय SOP के अनुसार एकल स्रोत (Single Source) पर कन्सलटेंट के माध्यम से भी **ड्राईंग, डिजाईन, विस्तृत तकमीना (Detailed Estimate) एवं बिड़ डॉक्यूमेंट** आदि तैयार करवाये जा सकते हैं।

अतः उक्तानुसार कार्यवाही करते हुये, की गई कार्यवाही/कार्ययोजना से विभाग को ईमेल dlbrajasthan@gmail.com व cedlbjp@gmail.com पर अवगत करवाया जावे।

**(डॉ. मनजीत सिंह)** 26/2/18
**प्रमुख शासन सचिव**

क्रमांक : एफ 55( )अभि./सीई/डीएलबी/2018/बजट घोषणा/12670-974 दिनांक 26/02/18
प्रतितिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

01. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदया, राजस्थान सरकार, जयपुर।
02. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री महोदय, स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर।
03. निजी सचिव/विशिष्ट सहायक, समस्त माननीय मंत्री/राज्यमंत्री/संसदीय सचिव महोदय, राजस्थान सरकार, जयपुर।
04. संयुक्त सचिव, मुख्य सचिव महोदय, राजस्थान जयपुर।
05. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त विभाग, राजस्थान जयपुर।
06. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर।
07. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, आयोजना विभाग, राजस्थान जयपुर।
08. निजी सचिव, समस्त प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव महोदय (प्रभारी जिला सचिव), जयपुर।
09. महापौर/सभापति/अध्यक्ष, नगर निगम/परिषद/पालिकायें, समस्त राजस्थान।
10. सम्भागीय आयुक्त (समस्त), राजस्थान।
11. मुख्य अभियन्ता/मुख्य लेखाधिकारी/परियोजना निदेशक/अतिरिक्त निदेशक/उपनिदेशक (सांख्यिकी), निदेशालय।
12. समस्त अधिकारीगण, निदेशालय।




Scanned by CamScanner

13. उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर, जोधपुर, अजमेर, कोटा, बीकानेर, उदयपुर।
14. जन सम्पर्क अधिकारी, निदेशालय को प्रेषित कर लेख है कि उपरोक्तानुसार समाचार–पत्रों में समाचार प्रकाशित करवाने का श्रम करें।
15. प्रभारी, स्मार्टराज सेन्टर, निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड़ करने हेतु।
16. सुरक्षित पत्रावली।

निदेशक एवं संयुक्त सचिव

Scanned by CamScanner

THIS DRAWING IS THE SOLE PROPERTY OF DHARA ENG. CONSULTANTS PVT LTD, JAIPUR. IT SHOULD NOT BE COPIED OR COMMUNICATED TO ANY PERSON WITHOUT THE WRITTEN APPROVAL OF THE MD.




Plot Area = 500 Square Metre)

BULIT-UP = 250 Square Metre)

# TYPE - C

RELEASED FOR


- ☑ TENDER
- ☐ APPROVAL
- ☐ CONSTRUCTION

**General Notes**

G1. DO NOT SCALE THE DRAWING FOLLOW ONLY FIGURE DIMENSIONS.

G2. ALL DIMENSIONS AND LEVELS ARE IN METER

**Specific To Job**





**DHARA ENG. CONSULTANTS (P) LTD**
D-35,JLN Marg, Above SBI Bank, Near Kanha Restaurant, Malviya Nagar, Jaipur (Rajasthan) - 302017
Phone :- 7727096633
dhaaraassociates@gmail.com
www.dharaeng.com

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Drawing Title :- GROUND FLOOR PLAN | Date :- 20/02/2018 | Drawn by MJ | Checked by SA | Approved by SA |
| Project Name :- TYPICAL AMBEDKAR BHAWAN IN LOCAL BODIES FOR NAGAR PALIKA AREA | Client :- THE CHIEF ENGINEER DIRECTORATE OF LOCAL BODIES, JAIPUR | | | |
| Drawing No. :- 01 | Revised:- | 01 / ------------ | -- / ------------ | -- / ------------ |
| Scale :- N.T.S | Unit :- METRE | Sheet :- A3 | | |

Remarks

THIS DRAWING IS THE SOLE PROPERTY OF DHARA ENG. CONSULTANTS PVT LTD, JAIPUR. IT SHOULD NOT BE COPIED OR COMMUNICATED TO ANY PERSON WITHOUT THE WRITTEN APPROVAL OF THE MD.





PLOT AREA = 750 Square Meter)
BULIT-UP = 370 Square Meter)

# TYPE - B

RELEASED FOR
- [x] TENDER
- [ ] APPROVAL
- [ ] CONSTRUCTION

**General Notes**

G1. DO NOT SCALE THE DRAWING FOLLOW ONLY FIGURE DIMENSIONS.
G2. ALL DIMENSIONS AND LEVELS ARE IN METER




**DHARA ENG. CONSULTANTS (P) LTD**
D-35,JLN Marg, Above SBI Bank, Near Kanha Restaurant, Malviya Nagar, Jaipur (Rajasthan) - 302017
Phone :- 7727096633
dhaaraassociates@gmail.com
www.dharaeng.com

Drawing Title :- GROUND FLOOR PLAN
Project Name :- TYPICAL AMBEDKAR BHAWAN IN LOCAL BODIES FOR NAGAR PARISAD AREA
Drawing No. :- 01
Scale :- N.T.S
Unit :- METER


Remarks

| Date :- | Drawn by | Checked by | Approved by |
|---|---|---|---|
| 20/02/2018 | MJ | SA | SA |

Client :- THE CHIEF ENGINEER DIRECTORATE OF LOCAL BODIES, JAIPUR

| Revised:- | | | Sheet :- |
|---|---|---|---|
| | 01 | ------------ | A3 |
| | -- | ------------ | |
| | -- | ------------ | |

THIS DRAWING IS THE SOLE PROPERTY OF DHARA ENG. CONSULTANTS PVT LTD, JAIPUR. IT SHOULD NOT BE COPIED OR COMMUNICATED TO ANY PERSON WITHOUT THE WRITTEN APPROVAL OF THE MD.




Plot Area = 1106 Square Meter)

BULIT-UP = 530 Square Meter)

# TYPE - A

RELEASED FOR
☑ TENDER
☐ APPROVAL
☐ CONSTRUCTION

**General Notes**

G1. DO NOT SCALE THE DRAWING FOLLOW ONLY FIGURE DIMENSIONS.

G2. ALL DIMENSIONS AND LEVELS ARE IN METER

*DHARA ENG. CONSULTANTS (P) LTD*
*D-35,JLN Marg, Above SBI Bank, Near Kanha Restaurant, Malviya Nagar, Jaipur (Rajasthan) - 302017*
*Phone :- 7727096633*
*dhaaraassociates@gmail.com*
*www.dharaeng.com*

| | |
|---|---|
| Drawing Title :- | GROUND FLOOR PLAN |
| Project Name :- | TYPICAL AMBEDKAR BHAWAN IN LOCAL BODIES FOR NAGAR NIGAM AREA |
| Drawing No. :- | 01 |
| Scale :- N.T.S | Unit :- METER |

Remarks

| Date :- | Drawn by | Checked by | Approved by |
|---|---|---|---|
| 20/02/2018 | MJ | SA | SA |

Client :-
THE CHIEF ENGINEER
DIRECTORATE OF LOCAL BODIES,
JAIPUR

| Revised:- | | |
|---|---|---|
| 01 | ------------ | Sheet :- |
| -- | ------------ | A3 |
| -- | ------------ | |